निस्कार्ट फादर एग्नल, वैशाली

हिंदी अभ्यास पत्रिका -२०१७-१८

माह - नवम्बर, कक्षा - 6

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

राष्ट्रीय एकता एक प्रबल शक्ति है | यह वीरता और बलिदान के कार्यो को बढावा देती है और जनता में आत्मविश्वास उत्पन्न करती है | यह देशवासियों को उन्नति के पथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है | संसार के लोगों ने राष्ट्रीय एकता की भावना से प्रेरित होकर अपूर्व उन्नति की है | राष्ट्रीय एकता जनता को व्यक्ति और समाज दोनों रूपों से प्रोत्साहन और प्रेरणा देती है | जब महात्मा गांधी ने असहयोग आन्दोलन आरंभ किया तो समूचा राष्ट्र एक भावना से गांधी जी के साथ जो लिया | एकता और संगठन की भावाना जागृत करने के लिए उन्होंने नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रो पर आधारित अनेक रचनात्मक कार्यक्रम आरंभ किए | आजादी के बाद समस्त भारत भावनात्मक एकता के सूत्र में बंधा है | चीनी अतिक्रमण इसका जीता-जगता प्रमाण प्रस्तुत करता है | उस कठिन समय में भारतवासियों के भावनात्मक एकता एकदम व्यावहारिक एकता में पतिवार्तित हो गई और आक्रांत चीन की चुनौती का पूरे राष्ट्र ने ललकार के साथ उत्तर दिया | इस समय हमारे देश को उसी प्रकार की भावनात्मक एकता की आवश्यकता है |

(क) राष्ट्रीय एकता देशवासियों को क्या प्रेरणा देती है ?

(ख) गांधी जी ने किस भावना को जागृत करने के लिए रचनात्मक कार्यक्रम आरंभ किए ?

(ग) किसके बल पर भारतवासियों ने चीनी आक्रमण का सामना किया ?

(घ) वर्मान समय में देश को किस प्रकार की एकता की अवश्यकता है ?

(ङ) (i) गद्यांश में से एक भाववाचक संज्ञा छाँटकर लिखिए ?

(ii) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए |

काव्यांश

प्रश्न 2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

चौड़ी सड़क गली पतली थी , दिन का समय घनी बदली थी |

रामदास उस दिन उदास था, अंत समय आ गया पास था |
उसे बता यह दिया गया, उसकी हत्या होगी |
धीरे-धीरे चला अकेले, सोचा साथ किसी को ले ले |
फिर रह गया, सड़क पर सब थे
सभी जानते थे यह उस दिन उसकी हत्या होगी |
खड़ा हुआ वह बीच सड़क पर, दोनों हाथ पेट पर रख कर |
सधे सद्म रख करके आए , लोग सिमट कर आँख गड़ाए |
लोग देखने उसको , जिसकी तय था हत्या होगी |
निकल गली से तब हत्यारा, आया उसने नाम पुकारा |
हाथ तौलकर चाकू मारा , छूटा लोहू का फव्वारा |
खा नही था उसने आखिर , उसकी हत्या होगी |

(क) रामदास की उदासी का क्या कारण था ?
(ख) रामदास अपने साथ किसी को लेते-लेते क्यों रुक गया ?
(ग) सड़क पर हत्या होने का क्या मतलब है ?
(घ) जनता के सामने एक आम आदमी की हत्या किस बात का सूचक है ?
(ङ) काव्यांश का कोइ उपयुक्त शीर्षक दीजिए |

प्रश्न - 3 दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए |

i. जीवन में खेल-कूद का महत्त्व

संकेत बिंदु - स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क , खेल से समस्त गुणों का विकास , स्वस्थ्य मनोरंजन का अनुपम साधन |

ii. बढ़ता तनाव - एक समस्या

संकेत बिंदु - तनाव की प्रकृति , कारण , दूर करने की उपाय |

iii. जब आवे संतोष धन, सब धन धुरि समान

संकेत बिंदु - अभिप्राय , सुख-शांति का मूलमंत्र , असंतोष से हानियाँ |

प्रश्न 4 - दिए गए चित्र को देखकर उसका वर्णन कीजिए |

<u>प्रश्न उत्तर</u>

<u>रानी लक्ष्मीबाई</u>

- रानी लक्ष्मीबाई बचपन में जो खेल खेलती थीं और जो खेल आप अपने बचपन में खेल रहे हो उनमे क्या अंतर थे?
  - बहादुर और निडर होना क्यों आवश्यक है?
  - कठिनाइयों में हमें किस प्रकार अपने आत्मविश्वास को दृढ़ रखना चाहिए?
  - अपने देश के लिए सबसे ज्यादा क्या ज़रूरी है?
  - इस कविता में कवि ने किस बात पर सबसे ज्यादा ज़ोर दिया है |
  - रानी लक्ष्मीबाई ने हमें कौन -सी सीख दी है?
  - लक्ष्मीबाई जब वीरगति को प्राप्त हुई उस समय उनकी उम्र कितनी थी?
  - कवयित्री ने लक्ष्मीबाई रानी को किसकी कहानियाँ ज़ुबानी याद थीं? इसकी क्या वजह थी?
  - इस कविता की कौन सी पंक्तियाँ आपको सबसे अच्छी लगी और क्यों?
  - कविता का मूल सन्देश क्या है?

<u>संसार पुस्तक है</u>

- कविता के आधार पर प्रकृति के अक्षर पत्थरों के टुकड़े पहाड़ों, नदियों, जानवरों की हड्डियों को कहा गया है | तुम्हारी समझ से प्रकृति के और कौन-कौन से अक्षर होने चाहिए |
- तुम किसको पत्र लिखकर और क्या बताना चाहोगे?
- जब पृथ्वी पर कोई जीव नहीं था उस ज़माने का ख्याम रखना आज क्यों कठिन है?
- नेहरु जी ने संसार को पुस्तक क्यों कहा है?
- आप अपने आस-पास के प्रकृति के पदार्थों को देखकर उसके इतिहास का पता कैसे लगाओगे?
- छोटे से चमकीले और गोल पत्थर की कहानी अपने शब्दों में लिखिए ?

टिकट अलबम

- तुम राजप्पा की जगह होते तो क्या एकत्रित करते और क्या बनाते?
- मान लो विद्यालय में तुम्हारी कोई महत्त्वपूर्ण चीज़ खो गई है तो आप उसकी जानकारी सभी को कैसे देंगे और क्या करेंगे?
- लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना मधुमक्खी से क्यों की?
- कक्षा के बाकी विद्यार्थी स्वयं टिकट अलबम क्यों नहीं बनाते थे? राजप्पा और नागराजन का ही क्यों देखते थे?
- टिकटों की तरह ही बच्चे और बड़े दूसरी चीज़े भी जमा करते हैं | उनमें से सिक्के एक हैं | बताइए आपने कौन-कौन सी चीज़े एकत्रित की हैं और क्यों?

ऐसी बड़ी न होऊ

- गीत में 'ऐसी बड़ी न होऊं मैं' क्यों कहा गया है? क्या तुम भी हमेशा छोटे बने रहना पसंद करोगे?
- गीत के अंत में कवि माँ से चंद्रोदय दिखा देने की बात क्यों कर रहा है?
- इस गीत में कवि ने किस बात पर सबसे ज्यादा ज़ोर दिया है |
- माँ अपना एक दिन कैसे गुज़ारती है? कुछ अवसरों पर माँ की दिनचर्या बादल जाती है जैसे- मेहमानों के आने पर, घर में किसी के बीमार पड़ जाने पर और त्योहार के दिनों पर | इनसे माँ की दिनचर्या पर क्या फर्क पड़ता है |
- तुम्हारी माँ तुम लोगों के लिए क्या-क्या काम करती है?
- इस गीत की कौन सी पंक्तियाँ आपको सबसे अच्छी लगी और क्यों?

- गीत का मूल सन्देश क्या है?

<u>जो देखकर भी नही देखते</u>

- प्रकृति का जादू किसे कहा गया है?
- हेलेन केलर प्रकृति की किन चीजों को छूकर और सुनकर पहचान लेती थी | पाठ के आधार पर इसका उत्तर बताओ |
- वसंत के मौसम में लेखिका क्या सोचती है ?
- कान से न सुन पाने पर आसअनुभव के पास की दुनिया कैसी लगती होगी अपने- | आधार पर बताओ
- हेलेन केलर अपने मित्रों की परीक्षा क्यों लेती है?
- लेखिका के व्यक्तित्व की विशेषताएँ पाठ के आधार पर बताओ |
- तुम्हे किसी ऐसे व्यक्ति से मिलने का मौका मिले जिसे दिखाई न देता हो तो तुम उससे सुनकर, सूंघकर, चखकर, छूकर की जाने वाली चीज़ों के संसार के विषय में क्या-क्या प्रश्न कर सकते हो?